मुझे श्याम श्याम कहने दे ओ पापी मन ठहरो जरा लिरिक्स

मुझे श्याम श्याम कहने दे,
ओ पापी मन ठहरो जरा।bd।

तर्ज – मुझे राधे राधे कहने दे।

गर्भ में प्रभु से,
जो वादा किया है,
अब तक ना मैंने,
वो पूरा किया है,
मुझे वादा निभाने दे,
ओ पापी मन ठहरो जरा,
मुझें श्याम श्याम कहने दे,
ओ पापी मन ठहरो जरा।bd।

जीवन नैया,
डग मग डोले,
बीच भवर में,
खाए हिचकोले,
अब तो उस पार जाने दे,
ओ पापी मन ठहरो जरा,
मुझें श्याम श्याम कहने दे,
ओ पापी मन ठहरो जरा।bd।

ओ पापी मन तूने,
कुछ ना दिया है,
अमृत को छोड़,
विष घोल के पिया है,
मुझे अमृत लुटाने दे,
ओ पापी मन ठहरो जरा,
मुझें श्याम श्याम कहने दे,
ओ पापी मन ठहरो जरा।bd।

मुझे श्याम श्याम कहने दे,
ओ पापी मन ठहरो जरा।bd।

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com